पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दो अध्यादेश जारी किये

विषय की तात्कालिकता के मद्देनजर प्रख्यापित किये

लखनऊः 7 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने बेनेट विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश अध्यादेश, 2016 तथा आई0आई0एम0टी0 विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश अध्यादेश, 2016 को प्राख्यापित कर दिया है। ज्ञातव्य है कि दोनों अध्यादेश उच्च शिक्षा से जुडे हैं और मौजूदा सत्र में प्रवेश प्रक्रिया की तात्कालिकता को देखते राज्यपाल ने कैबिनेट के प्रस्ताव के विधिक परीक्षणोपरान्त अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

उल्लेखनीय है कि बेनेट विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश अध्यादेश, 2016 से संबंधित पत्रावली 5 अगस्त, 2016 को तथा आई0आई0एम0टी0 विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश अध्यादेश, 2016 से संबंधित पत्रावली 6 अगस्त, 2016 को राज्यपाल के अनुमोदन हेतु राजभवन को प्राप्त हुई थी।

अंजुम/ललित/राजभवन (279/9)